# Agar Malwa Well Education Welfare Society

**Jama Masjid Gali, Agar (Malwa) Dist: Shajapur, Ph: 07362-259660/260999**


## Annual Report: 2024-25

संस्था द्वारा संचालित विद्यालय श्री संस्कार अकैडॅमी द्वारा बच्चों को शिक्षा प्रदाय करने के लिये कई प्रयास किये जाते हैं। सत्र 2024–25 में विद्यालय में 155 विद्यार्थियों ने बी.पी.एल. (R.T.E.) के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा ग्रहण की। वहीं अनेक विद्यार्थियों को स्कूल फीस में डिस्काउंट दिया गया एवं कई विद्यार्थी एसे रहे, जिन्होनें पूरे सत्र में कोई शिक्षण शुल्क विद्यालय में जमा नहीं किया। फिर भी विद्यालय द्वारा इन बच्चों को बिना शुल्क के शिक्षा प्रदान की गई। इस प्रकार यह संस्था बच्चों के हित के लिये हमेशा कार्य करती चली आ रही है।

दूर ग्रामीण क्षेत्र से, जहाँ के बच्चे C.B.S.E. स्कूल के अभाव में प्रतिभा होते हुए भी नहीं पढ़ पा रहे हैं। एसे बच्चों को संस्था अपनी बसों के माध्यम से नाम मात्र के रियायती दर पर आगर लाकर पढ़ा रही है। जिसमें इस सत्र में सुसनेर / कानड / बड़ौद/पिपलोन आदि मार्गों से 40 ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है।

### –ःसंस्था का वार्षिक प्रतिवेदन निम्नानूसार हैः–

**<u>07 जून 2024</u>**

श्री संस्कार अकैडॅमी आगर के दो विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट–2024 में उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। अपनी लगन, मेहनत और सतत प्रयास से दोनों ने यह उपलब्धि हासिल की।



दैनिक भास्कर शाजापुर 07-06-2024

**संस्कार के पूर्व विद्यार्थियों ने अर्जित की नीट में उत्कृष्ट सफलता**

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

जान्हवी शर्मा। अब्दुल्ला खान।

श्री संस्कार अकेडमी आगर के कक्षा 12 के तीन पूर्व विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित निट-2024 में उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। विद्यालय की ... जान्हवी पिता लोकेश शर्मा (2021-22 बैच) ने 720 में से 615 अंक, जबूर अनस पिता जफर मुल्तानी (2021-22 बैच) ने 720 में से 602 अंक एवं अब्दुल्ला खान पिता इरशाद उल्लाह खान (2022-23 बैच) ने 720 में से 527 अंक प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने बच्चों की इस सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**<u>10 जुलाई 2024</u>**

श्री संस्कार अकैडॅमी में जिला स्तरीय आपका प्रबंधन शिविर का आयोजन भारत स्काउट गाइड जिला संघ के द्वारा किया गया।



**संस्कार एकेडमी में आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन**

श्री संस्कार एकेडमी में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन भारत स्काउट व गाइड जिला संघ के द्वारा मंगलवार को किया। सरस्वतीजी के चित्र का पूजन व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव डॉ.पंकज अटल व टीम के द्वारा किया। शिविर में राज्य आपदा प्रति या बल की टीम द्वारा स्काउट, गाइड व अन्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन पर कैसे नियंत्रण पाया जाए पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। बाढ़ की स्थिति बनने पर अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलों से जैकेट बनाकर कैसे बचा जाए आदि पर शिविर में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय में पौधा रोपण भी किया। शिविर में राज्य आपदा प्रति या बल की प्लाटून कमांडर कविता सोलंकी,भारत स्काउट व गाइड के जिला मुख्य आयुक्त सत्यनारायण शर्मा, जिला संघ उपाध्यक्ष डॉ पंकज अटल, जिला संघटन आयुक्त गाइड अनुभूति सिंह, राजेंद्र भील, अंगुरबाला एवं भैरूलाल ओसारा उपस्थित थे। संचालन छात्र देववीर सिंह सिसोदिया ने किया।

**12 जुलाई 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी आगर के दो पूर्व विद्यार्थियों ने सी.ए. (चार्टर्ड अकांटेण्ट) की फाइनल परीक्षा पास कर नगर, परिवार एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

स्वदेश शाजापुर - मुख्य संस्करण 12 July 2024

**संस्कार के दो पूर्व विद्यार्थियों ने पास की सीए फाइनल की परीक्षा**



आगर-मालवा। श्री संस्कार एकेडमी आगर के 2 पूर्व विद्यार्थियों जैनम प्रमोद जैन पिपलोन (2017 बैच) व नमिषा महेंद्र जैन आगर (2019 बैच) ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा पास कर नगर व परीवार का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता से विद्यालय के छात्र भी मोटिवेट हुए हैं। इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने व परीवार जन ने बधाई शुभकामनाए दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**17 जुलाई 2022**

श्री संस्कार अकैडॅमी का 25वां स्थापना दिवस 17 जुलाई को स्कूल परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। 24 वर्ष पूर्व 17 जुलाई 2000 को शुरू हुई यह यात्रा नगर, जिला ही नहीं, अपितु राष्ट्र में एक जाना पहचाना नाम बन चुका है।

स्वदेश शाजापुर - मुख्य संस्करण 17 July 2024




# संस्कार एकेडमी ने मनाया स्थापना दिवस

स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

श्री संस्कार एकेडमी ने 25वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया। 24 वर्ष पूर्व 17 जुलाई 2000 को शुरू हुई यह यात्रा नगर ,जिला ही नहीं अपितु राष्ट्र में एक जाना पहचाना नाम बन चुका है। इतने वर्षों में संस्था के छात्र देश विदेश में विभिन्न क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना से किया। मुख्य अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा सुश्री सीए नमिषा जैन थी। जिन्होने अपने जूनियर छात्रों से अपने स्कूली जीवन के पल को साझा किया तथा उपस्थित सभी छात्रों को अपने लक्ष्य को साधकर उसे हासिल करने की बात कही। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस फरूट पार्टी थीम पर विभिन्न प्रकार के फल की ड्रेस पहनकर अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही समूह नृत्य, गायन एवं भाषण भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने तथा विद्यार्थियों ने विद्यालय के सफलतम 25वे वर्ष में पहुंचने पर एक-दूसरे को बधाई दी व आगे भी विद्यालय द्वारा श्रेष्ठतम कार्यों को करने का दृढ़ संकल्प लिया। संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा देविका तिवारी एवं छात्र देवांश जैन ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षिका पिंकी पात्रा ने रखी। आभार विद्यालय की उपप्राचार्य रूचिका सोलंकी ने माना। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**21 जुलाई 2024**

विद्यालय में प्रति वर्षानुसार छात्र संघ चुनाव आयोजित हुए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण भारतीय संविधान के नियमों के अनुरूप हुई। जिसमें विद्यार्थियों को चुनाव के माध्यम से प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हुआ। विद्यालय में चार समूहों नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशीला व सांदीपनी के बीच चुनाव हुए।

स्वदेश शाजापुर - मुख्य संस्करण 21 July 2024



# संस्कार एकेडमी में हुए छात्रसंघ के चुनाव

स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

संस्कार एकेडमी में विद्यालय के छात्र संघ चुनाव 19 व 20 जुलाई को संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण भारतीय संविधान के नियमों के अनुरूप हुई। जिसमें विद्यार्थियों को चुनाव के माध्यम से प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

विद्यालय में चार समूहों नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला व सांदीपनी के बीच कुल 24 स्थानों पर निर्वाचन था एवं 16 नोमिनेट स्थान थे। कुल 40 स्थानों से तक्षशिला ने 12, सांदीपनी ने 11,विक्रमशिला ने 10 व नालंदा ने 07 स्थानों पर विजय प्राप्त की। तक्षशिला व सांदीपनी हाउस ने भारतीय राजनीती से प्रभावित हो गठबंधन कर 21 सीटों के माध्यम से बहुमत साबित कर प्रधानमंत्री का चयन किया। दोनो हाऊस ने मिल कर अपनी केबिनेट बनाई। तक्षशिला से कक्षा 12 से छात्र रामबाबू गुर्जर व सांदीपनी से भानुप्रताप सिंह चौहान का निर्वाचन हुआ। दोनों छात्रों ने अपने कैबिनेट में विभिन्न विभागों के लिए कैबिनेट व राज्य मंत्रियों का चयन किया। जिसमें फुरकान कुरेशी कक्षा 11 व हंशीका ठाकुर कक्षा 6 को खेल विभाग, छवि अटल कक्षा 10 व पार्थ यादव कक्षा 6 को स्कूल असेंबली विभाग, कशिश राठौर कक्षा 10 को साँस्कृतिक गतिविधि विभाग, चेतना यादव कक्षा 11 व शाश्वत अटल कक्षा 9 को इवेंट कॉर्डिनेटर विभाग, महत्व आचार्य कक्षा 9 को अनुशासन नियंत्रण विभाग, अविराज राठौर कक्षा 10 संसाधन विभाग, पुष्पराज् सिंह राठौर कक्षा 11 को वालंटियर हेड बॉय व देवयानी राठौर कक्षा 10 को वालंटियर हेड गर्ल के रुप मे शपथ दिलाई।

**25 जुलाई 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी आगर में योग व नेचुरी थैरेपी के माध्यम से कैसे शरीर को रोग मुक्त व स्वस्थ रखा जाए, इस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी बालयोगी शिवानंद थे।

स्वदेश

शाजापुर - मुख्य संस्करण
25 July 2024

## संस्कार एकेडमी में योग व नेचुरल थैरेपी पर सेमिनार



**स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा**

श्री संस्कार एकेडमी आगर में 22 जुलाई को योग व नेचुरल थेरेपी के माध्यम से कैसे शरीर को रोग मुक्त व स्वस्थ्य रखा जाए विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी बालयोगी शिवानंद थे। स्वामी जी ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को गुरु की महत्व के बारे में बताया कि गुरु ही पूर्ण ज्ञानी है और गुरु ही आपको इस संसार के भवसागर से पार डाला कि कैसे योग जीवन में कई रोगो व मानसिक परेशानियों से हमें दूर रखता है। अतिथि आचार्य बलदेव आयुष विभाग हरियाणा ने श्वास योग पर प्रकाश डाला। डॉक्टर रिपुदमन तिवारी, प्राकृतिक चिकित्सा व वेलनेस कोच ने विद्यार्थियों को जंक फूड व कोल्ड ड्रिंक्स के उपयोग से बचने पर जोर दिया। अतिथियों ने मुख्य रूप से कम से कम 15-20 मिनट प्रतिदिन प्राणायाम, योग एवं नित्य

दैनिक भास्कर **शाजापुर** 26-07-2024

**26 जुलाई 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी आगर में योग व नेचुरल थैरेपी के माध्यम से शरीर को रोग मुक्त व स्वस्थ रखने की विधि विद्यार्थियों को बताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी बालयोगी शिवानंद थे, जो विश्व योगाचार्य गुण योग के ज्ञाता हैं।

## स्कूली बच्चों ने सेमिनार में जाना योग से कैसे रहें स्वस्थ



स्कूल में योग करते बच्चें।

**भास्कर संवाददाता | आगर मालवा**

श्री संस्कार अकेडमी आगर में गत दिवस योग व नेचुरल थेरेपी के माध्यम से कैसे शरीर को रोग मुक्त व स्वस्थ्य रखा जाए विषय पर सेमिनार का आयोजन कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी बालयोगी शिवानंद थे, जो विश्व योगाचार्य गुण योग के ज्ञाता है। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को गुरु के महत्व के बारे में बताया कि गुरु ही पूर्ण ज्ञानी है। अतिथि आचार्य बलदेव, आयुष विभाग हरियाणा ने श्वास योग पर प्रकाश डाला। संचालन संस्था की उपप्राचार्य रुचिका सोलंकी ने किया। आभार शिक्षिका दीपिका गवली ने माना। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**08 अगस्त 2024**

ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज के शिष्य भारत मात मंदिर हरिद्वार के ट्रस्टी गो–संवर्धन बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष महामंडलेश्वर श्री अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज विद्यालय पधारे। स्वामी जी ने विद्यालय में बच्चों के पढ़ाई पर संस्कारों एवं देश विदेश में भारतीय शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रवचन के दौरान बच्चों एवं शिक्षकों को रोचक कहानी सुनाई।

## महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि आगर पहुंचे, स्कूली बच्चों को दिए प्रवचन

आगर-मालवा | ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज के शिष्य भारत माता मंदिर हरिद्वार के ट्रस्टी गो-संवर्धन बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष महामंडलेश्वर श्री अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज मंगलवार को आगर पहुंचे।

उन्होंने श्री संस्कार अकेडमी में बच्चों के पढ़ाई पर संस्कारों एवं देश विदेश में भारतीय शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते प्रवचन के दौरान बच्चों एवं शिक्षकों को रोचक कहानी सुनाई। उन्होंने पत्थर से शंकर बनने में जैसे पत्थर हथौड़े की मार सहन करने पर वह पूजनीय हो जाता है, वैसे ही शिक्षा ग्रहण में हमें माता-पिता शिक्षक तराशते हैं जो यह सब सहन कर आगे बढ़ेगा वह सफल होगा। इस अवसर पर मृत्युंजय सोनी ने स्वामी जी का परिचय दिया। संचालन संस्था सचिव डॉ पंकज अटल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष ने गुरुजी का पुष्प माला एवं शाल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री संस्कार अकेडमी की वार्षिक पत्रिका संस्कारिका का विमोचन भी गुरुदेव के हाथों से किया गया।



प्रवचन के दौरान पत्रिका संस्कारिका का विमोचन करते हुए।

**15 सितम्बर 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती पूजन के साथ हुई। हिन्दी दिवस पर छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की, जिसमें बच्चों ने हिन्दी नाटिका, गीत, भाषण, कविता पाठ आदि प्रस्तुत किए।

दैनिक भास्कर शाजापुर 15-09-2024

## श्री संस्कार अकेडमी में मनाया हिंदी दिवस, बच्चों ने प्रस्तुति दी



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चें।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

श्री संस्कार अकेडमी में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन के साथ हुई।

हिंदी दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की, जिसमें बच्चों ने हिंदी नाटिका, गीत, भाषण, कविता पाठ आदि प्रस्तुत किए। हिंदी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक मेहरबान सोलंकी ने हिंदी दिवस पर अपने विचार रखते हुए बच्चों को हिंदी भाषा की विशेषता से परिचित कराया। हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग की शिक्षिका आशा चौहान ने भाषण एवं ममता कारपेंटर ने गीत प्रस्तुत किया एवं बच्चों को हिंदी की महत्ता बताई। कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी कक्षा 8वीं के बच्चों ने संभाली। संचालन कक्षा 8वीं के छात्र वंश राठी ने किया। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**09 अक्टूबर 2024**

23वीं राष्ट्रीय आट्या पाट्या प्रतियोगिता में विद्यालय के दो छात्रों का चयन हुआ। जिसमें उक्त छात्रों ने पांडिचेरी में म.प्र. की टीम का प्रतिनिधित्व किया।

दैनिक भास्कर शाजापुर 09-10-2024

## आट्या पाट्या प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी पांडिचेरी रवाना

**आगर-मालवा** | 23वी राष्ट्रीय आट्या पाट्या प्रतियोगिता 11 से 14 अक्टूबर को पांडिचेरी में होगी। जिसमें नगर के श्री संस्कार अकेडमी विद्यालय के दो खिलाड़ी आदर्श मेहता कक्षा 9, देवेंद्र चौहान कक्षा 7 का चयन राष्ट्रीय हुआ। दोनों खिलाड़ी मप्र की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पांडिचेरी के लिए मप्र की टीम के साथ रवाना हुए। दोनों छात्रों ने राज्य स्तरीय आट्या पाट्या प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मप्र टीम में जगह बनाई है। इस अवसर पर अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक परिवार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष जताया। जानकारी संस्था सचिव डॉ पंकज अटल ने दी।

**17 अक्टूबर 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी में वर्ल्ड स्टैंडर्ड्स डे 2024 का विशेष आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम साझा दृष्टिकोण एक बेहतर दुनिया के लिए है, जो एसडीजी 9 उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा पर केंद्रित है। यह थीम मानकों की महत्वपूर्ण भूमि को रेखांकित करती है, जो नवाचार को प्रोत्साहन देने और टिका

स्वदेश शाजापुर - मुख्य संस्करण 17 Oct 2024

## श्री संस्कार एकेडमी में वर्ल्ड स्टैंडर्ड्स डे 2024 का किया आयोजन

**आगर मालवा।** श्री संस्कार अकैडॅमी में 14 अक्टूबर से वर्ल्ड स्टैंडर्ड्स डे का विशेष आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम साझा दृष्टिकोण एक बेहतर दुनिया के लिए है, जो एसडीजी 9 उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा पर केंद्रित है। यह थीम मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है, जो नवाचार को प्रोत्साहन देने और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण में सहायक है। मानकों के बारे में जागृति लाने एवं आमजन अपने अधिकारों को जन एवं किसी भी वस्तु के क्या उचित मानक हो सकते हैं उसको कैसे चेक करें कहां शिकायत करें किन-किन चीजों पर कौन-कौन से मानक लगे होने पर उसे सही माना जाए इन सब विषयों को लेकर से संस्कार एकेडमी के बच्चों द्वारा विभिन्न आयोजन सप्ताह भर किए जाएंगे जिसके माध्यम से बच्चों में अभिभावकों में एवं अगर के जनमानस के बीच जाकर के भी इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस को सप्ताह भर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम 14 अक्टूबर 2024 से 19 अक्टूबर 2024 के बीच किया जा रहा है, इस आयोजन में स्थापना समारोह एवं क्विज़ प्रतियोगिता, पैनल डिस्कशन, पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक (गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों, बीआईएस हॉलमार्किंग और केयर ऐप पर केंद्रित) एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। इसके अतिरिक्त, बीआईएस वेबसाइट, केयर ऐप, और अपना मानक जानें फीचर की जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, और अभिभावकों से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है, ताकि यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके और छात्रों में मानकों के प्रति जागरूकता का संचार हो सके।

**<u>23 अक्टूबर 2024</u>**

श्री संस्कार अकैडॅमी द्वारा बी.आई.एस. जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसके अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा खरीदे जाने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के सही मानक के प्रति जागरूक करना है।

दैनिक भास्कर शाजापुर 23-10-2024

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सही मानक की पहचान का संदेश

**उपभोक्ताओं को संदेश दिया कि असली-नकली की जांच स्वयं कैसे कर सकते**




भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

श्री संस्कार अकेडमी द्वारा बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने सप्ताह के अंतर्गत शहर के चार प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा खरीदे जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के सही मानक के प्रति जागरूक करना है। विद्यालय की तीन टीमों ने शहर के बस स्टैंड, छावनी नाका चौराहा, छावनी झंडा चौक और पुराना अस्पताल चौराहा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। प्रत्येक टीम में 15 छात्र थे, जिससे कुल 45 विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में भाग लिया। कक्षा 6 से लेकर 11 तक के विद्यार्थियों ने इस नाटक के माध्यम से उपभोक्ताओं को संदेश दिया कि वे अपने द्वारा खरीदे जाने वाले सामान की गुणवत्ता और असली-नकली होने की जांच स्वयं कैसे कर सकते हैं। विद्यार्थियों ने उपभोक्ताओं को बीआईएस के विभिन्न उत्पादों पर उनके द्वारा जारी प्रमाण चिह्नों (मार्क्स) के बारे में जागरूक किया, जो उत्पाद की गुणवत्ता और प्रामाणिकता को दर्शाते हैं। साथ ही बीआईएस केयर ऐप के उपयोग के बारे में भी बताया गया, जिससे उपभोक्ता यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनके द्वारा खरीदा गया सामान असली एवं गुणवत्तापूर्ण है या नहीं। मार्गदर्शन अध्यापिका रुचिका सोलंकी व मीनाक्षी दुबे ने दिया। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**<u>23 अक्टूबर 2024</u>**

नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी के मार्गदर्शन में श्री संस्कार अकैडॅमी में मद्य निषेध एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 9 से 12वीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को गायत्री परिवार के प्रतिनिधि एवं मास्टर वालेंटियर मनोज कुमार जायसवाल ने नशे के दुष्प्रभाव बताए।

दैनिक भास्कर शाजापुर 23-10-2024

## नशा मुक्ति एवं स्वच्छता जागरूक कार्यक्रम, नशे के दुष्प्रभाव बताए




आगर-मालवा | मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र संगठन जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी के निर्देशानुसार श्री संस्कार अकेडमी में मद्य निषेध एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 9 से 12वीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को गायत्री परिवार के प्रतिनिधि एवं मास्टर वालेंटियर एनएमबीए मनोज कुमार जायसवाल ने नशे के दुष्प्रभाव बताए। ट्रेनर मौसम मंडलोई ने कहा कि नशा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी हानिकारक है। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल रुचिका सोलंकी ने भी युवाओं को नशामुक्त जीवन के लाभ पर प्रकाश डाला। नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई और कैप व अन्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई। संचालन छात्रा चेतना यादव ने किया। आभार दीपिका गवली ने माना। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**28 अक्टूबर 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी में इंटरहाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार हाउस नालंदा, सांदीपनी, विक्रमशीला एवं तक्षशिला के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## श्री संस्कार एकेडमी में इंटरहाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



आगर-मालवा। श्री संस्कार एकेडमी में शनिवार को एक दिवसीय इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चार हाउसकृनालंदा, सांदीपनि, विक्रमशिला और तक्षशिलाकृके खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। खिलाड़ियों में जोश और

**29 अक्टूबर 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी में ''महापर्व दीपावली'' उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा अपनी–अपनी कक्षाओं की आकर्षक सजावट से की, जो पूरे विद्यालय में दीवाली के रंग बिखेरने में सफल रही। इस महापर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न कला प्रतियोगिताऐं आयोजित हुई जिसमें दीप सज्जा, कार्ड मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आगर-मालवा.सुसनेर.नलखेड़ा

## श्री संस्कार अकेडमी में दीवाली महोत्सव का आयोजन, बच्चों ने धरती पर बिखेरे कला के रंग

आगर मालवा | श्री संस्कार अकेडमी में सोमवार को दीवाली महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा अपनी-अपनी कक्षाओं की आकर्षक सजावट से की, जो पूरे विद्यालय में दिवाली के रंग बिखेरने में सफल रही। इसके बाद दीप सज्जा, कार्ड मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 138 विद्यार्थियों ने भाग लेकर कला का प्रदर्शन किया।

दिवाली महोत्सव का मुख्य आकर्षण रंगोली प्रतियोगिता रही, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी रंगोली कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने थीम पर एक विशेष और आकर्षक रंगोली बनाई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय नारी की शक्ति एवं बहुमुखी प्रतिभा को बखूबी उजागर किया। इस महोत्सव ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क, और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित किया। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।



**07 नवम्बर 2024**

विद्यालय ने अपना राष्ट्रीय धर्म निभाते हुए भारतीय सेना में राष्ट्रीय रायफल 63 नायक के पद पर पदस्थ बद्रीलाल यादव की शहादत को नमन करते हुए स्कूली बच्चों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और वीर शहीद को सलामी दी।



## स्कूली बच्चों ने हाईवे पर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

आगर मालवा | भारतीय सेना की राजौरी में राष्ट्रीय रायफल 63 नायक के पद पर पदस्थ बद्रीलाल यादव की शहादत को नमन करने के लिए बुधवार को जब इंदौर-कोटा मार्ग पर सुसज्जित सेना के वाहन में उनका पार्थिव शरीर लाया गया तो सड़क पर हाथों में तिरंगा लिए लाइन लगाकर खड़े स्कूली बच्चों ने भी उन्हें पुष्पवर्षा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बस स्टैंड पर श्री कृष्ण रतन अकेडमी, बस स्टैंड चौराहा पर श्री संस्कार अकेडमी और सांई मंदिर के सामने विद्या भारती और अन्य स्कूल के बच्चों ने कतारबद्ध होकर वीर सपूत के अंतिम दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**11 नवम्बर 2024**

पचमढ़ी में 5 से 9 नवंबर तक 5 दिवसीय राज्य स्तरीय स्काउट गाइड एडवेंचर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के तीन छात्रों ने भाग लिया। इनके साथ शिक्षक शुभम भिलाला एस्कार्ट शिक्षक के रूप में साथ रहे। इस कैंप के दौरान छात्रों ने टेंट में रहकर पचमढ़ी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।



स्वदेश — शाजापुर - मुख्य संस्करण — 11 Nov 2024

## पचमढ़ी में आयोजित राज्यस्तरीय एडवेंचर कैंप में तीन स्काउट ने लिया भाग

**स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा**

गत दिवस पचमढ़ी में 5 से 9 नवंबर तक 5 दिवसीय राज्य स्तरीय स्काउट गाइड एडवेंचर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें नगर के श्री संस्कार अकैडॅमी विद्यालय के विद्यार्थी विशाल गुप्ता कक्षा 7वीं, पृथ्वीराज सोलंकी 6वी, अनिरुद्ध मालवीय कक्षा 6वी व खेल शिक्षक शुभम भिलाला ने भाग लिया। स्कॉट्स ने टेंट में रहकर पंचमढ़ी के विभिन्न स्थान जैसे जटाशंकर, राजेंद्र गिरी, हांडीखो, चौरागढ़ , पांडव गुफा की ट्रैकिंग की व एडवेंचर कैंप में ऑप्टिकल कमांडो ब्रिज, मंकी ब्रिज, बैलेंस ब्रिज , बैलेंस रो आदि का अनुभव लिया। कैंप के समापन में मुख्य अथिति के रूप में राजीव जेन सर राज्य मुख्य आयोग, बनवारीलाल शर्मा एस.टी.सी. , बनवारीलाल चोरे शिविर संचालक शहडोल , नरेंद्र शर्मा सहायक शिविर संचालक की उपस्थिति में शिविर सम्पन्न हुआ। यह जानकारी संस्था सचिव डॉ पंकज अटल ने दी।



स्वदेश — शाजापुर - मुख्य संस्करण — 12 Nov 2024

## संस्कार एकेडमी में प्राथमिक उपचार पर कार्यशाला का आयोजन

**स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा**

संस्कार एकेडमी में रविवार को फर्स्ट एड प्राथमिक उपचार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय सिविल अस्पताल से जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. मिथुन गोल्डर और जिला मीडिया अधिकारी आर. सी. ईरवार ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। बताया कि सही तरीके से समय पर प्राथमिक उपचार देने पर लगभग 50 प्रतिशत बिमारी का तुरंत समाधान किया जा सकता है। आपने बच्चों को कुछ प्रयोग कर के भी दिखाए कब कब क्या क्या प्राथमिक उपचार करना है। कक्षा 11 व 12वीं के बायोलॉजी के विद्यार्थियों ने फर्स्ट एड पर फ्रैक्चर, जहरीले जानवरों के काटने, चक्कर आना, करंट लगना, आग से जलना, सीने में दर्द और ठसका लगने पर प्राथमिक उपचार के तरीके पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी जिस पर बीच-बीच में डाक्टर ने भी अपनी बात रखी। संचालन सिद्धि कोठारी (कक्षा 12) और यशस्वी जावलकर (कक्षा 11) ने किया। संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता है।

**12 नवम्बर 2024**

श्री संस्कार अकैडमी में प्राथमिक उपचार पर कार्याशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय सिविल अस्पताल से जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. मिथुन गोल्डर एवं जिला मीडिया अधिकारी आर.सी. ईरवार ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**06 दिसम्बर 2024**

अहमदाबाद (गुजरात) में ज्ञानकुंभ 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने गुजरात में जिले का प्रति. किया। इस ज्ञानकुंभ में पश्चिम भारत क्षेत्र (गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं गोवा) के प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता की।



स्वदेश

शाजापुर - मुख्य संस्करण
6 Dec 2024



## संस्कार एकेडमी के छात्रों ने गुजरात में किया जिले का प्रतिनिधित्व



स्वदेश

शाजापुर - मुख्य संस्करण
14 Dec 2024

### योग प्राण विद्या पर सेमिनार आयोजित

## जीवन को तनावमुक्त बनाने की कला सिखाई

**स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा**

श्री संस्कार एकेडमी में आज योग प्राण विद्या के महत्व पर केंद्रित एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से जीवन को स्वस्थ, तनावमुक्त और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाना था। सेमिनार में जीवन में योग का महत्व, स्मरण शक्ति को बढ़ाने के उपाय, क्षमा और माफी का जीवन में स्थान, तथा क्रोध पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

सेमिनार का संचालन सीमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं प्रमाणित हीलर (योग प्राण विद्या, बैंगलोर) और राकेश श्रीवास्तव, एसोसिएट हीलर (उज्जैन) ने किया। उन्होंने लगभग दो घंटे की कार्यशाला के दौरान छात्रों को सुपर ब्रेन आसन, लयबद्ध श्वसन क्रिया, ष्क्षमा प्रार्थना, फिजिकल एक्सरसाइज़, तथा ध्यान के माध्यम से ऊर्जा को बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। इस गतिविधि में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और योग के विभिन्न पहलुओं का अनुभव किया। कार्यक्रम के बाद बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई है।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का शाल और श्रीफल से सम्मान किया। आभार डॉ. पंकज अटल ने व्यक्त किया।

**14 दिसम्बर 2024**

श्री संस्कार अकैडॅमी में योग प्राण विद्या के महत्व पर केंद्रित एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से जीवन को स्वस्थ, तनावमुक्त और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाना था। उक्त सेमिनार में जीवन में योग का महत्व, स्मरण शक्ति को बढ़ाने के लिए उपाय, क्षमा और माफी का जीवन में स्थान, तथा क्रोध पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

**22 दिसम्बर 2024**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला खेल और युवा कल्याण विभाग नेहरू युवा केंद्र आगर मालवा और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 24 दिसंबर को विद्यालय श्री संस्कार अकैडॅमी स्कूल आगर में आयोजित किया गया।

दैनिक भास्कर शाजापुर 22-12-2024

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 24 को

आगर मालवा | खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 12 से 26 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला खेल और युवा कल्याण विभाग नेहरू युवा केंद्र आगर मालवा और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे श्री संस्कार स्कूल आगर मालवा में किया जा रहा है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र हार्डिया ने बताया कि युवा उत्सव में कुल 6 विधाओं में युवा सहभागिता कर सकेंगे। इसमें युवाओं की आयु 30 सितंबर 2024 को 15 वर्ष से 29 वर्ष के बीच होना जरूरी है। युवा उत्सव में युवा कलाकार प्रतियोगिता (पेंटिंग), युवा लेखक प्रतियोगिता (कविता लेखन), युवा मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, समूह सांस्कृतिक (लोक नृत्य), विज्ञान प्रदर्शनी (एकल), विज्ञान प्रदर्शनी (समूह) जिला स्तरीय युवा उत्सव की विषय (पंच प्रण पर आधारित) विकसित भारत 2027, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता, नागरिकों के कर्तव्य रहेगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर करना अनिवार्य है। साथ ही विभाग से प्राप्त निर्धारित आवेदन भरकर आवेदन के साथ अपना आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र 2 पासपोर्ट फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र भी लाना होगा। आवेदन पत्र 23 दिसंबर शाम 5 बजे तक कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग में जमा करना होगा।

**05 जनवरी 2025**

माधव साइंस कॉलेज उज्जैन में आयोजित संभा स्तरीय युवा उत्सव 2025 में श्री संस्कार अकैडॅमी आगर की कक्षा 9वी की छात्रा कोमल भगवान सिंह सारावत ने कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

स्वदेश शाजापुर - मुख्य संस्करण 5 Jan 2025

## कविता लेखन प्रतियोगिता में कोमल प्रथम रही



स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

माधव साइंस कॉलेज, उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 में श्री संस्कार अकैडॅमी आगर की कक्षा 9 वी की छात्रा कोमल भगवान सिंह सारावत ने कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। यह युवा उत्सव जिला स्तर पर विजयी हुए 15 से 29 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों के बीच आयोजित किया। जिसमे विद्यालय से पेंटिंग प्रतियोगिता में तनिष्का संजय देसाई कक्षा 12वीं व कोमल सारावत कक्षा 9वी ने भाग लिया। कोमल, जो मात्र 15 वर्ष की आयु में कक्षा 9 की छात्रा हैं, ने अपनी उम्र से काफी बड़े प्रतिभागियों के बीच अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कोमल की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और साथियों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की भोपाल में 05 जनवरी से आयोजित होने वाली हैं। जिसमें कोमल भाग लेगी।

**06 जनवरी 2025**

6 जनवरी को भोपाल में आयाजित 'भारतीय मानक ब्यूरो' (बीआईएस) की 78वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित प्रादेशिक कार्यक्रम में विश्वास कैलाश सारंग खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंत्री द्वारा श्री संस्कार अकैडॅमी आगर के भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानक क्लब को सक्रिय भागीदारी हेतु विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

## बीआईएस भोपाल द्वारा श्री संस्कार अकैडॅमी को किया पुरस्कृत

**आगर मालवा।** सोमवार दिनांक 6 जनवरी 2025 को भोपाल में आयोजित 'भारतीय मानक ब्यूरो' ( बी आई एस) ' की 78 वी वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित प्रादेशिक कार्यक्रम में ' विश्वास कैलाश सारंग ' ( खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंत्री ) के द्वारा श्री संस्कार अकैडॅमी आगर के भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानक क्लब को सक्रिय भागीदारी हेतु विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के चयनित उद्धोग को भी सम्मानित किया गया भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रदेश के हर जिले में एक मानक क्लब का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत प्रदेश के एकमात्र विद्यालय श्री संस्कार अकैडॅमी को इस पुरस्कार हेतु चुना गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से सचिव डॉक्टर पंकज अटल, कोऑर्डिनेटर प्रवीण लोखंडे एवं वरिष्ठ व्याख्याता मेहरबान सिंह सोलंकी ने संस्था का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार प्राप्त किया।

**03 फरवरी 2025**

दिनांक 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तिरूचिरापल्ली (तमिलनाडू) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्काउ गाइड डायमंड जुबली जंबूरी कैम्प में मध्यप्रदेश दल में श्री संस्कार अकैडॅमी आगर के तीन छात्रों ने शिक्षक मनोज वर्मा के साथ सहभागिता की।



अंतर्राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी से लौटा विद्यालय का दल

आगर मालवा| 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली जंबूरी कैंप में मध्यप्रदेश दल में श्री संस्कार अकेडमी विद्यालय के तीन छात्र महत्व आचार्य, हेमराज बोड़ाना, शौर्य परमार एवं शिक्षक मनोज वर्मा ने टीम का प्रतिनिधित्व कर सहभागिता की। इस जंबूरी कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मार्च पास्ट, फैंसी ड्रेस, एडवेंचर गतिविधि, फन बेसिस गतिविधि, ग्लोबल विलेज, कैंप फायर आदि आयोजित की गई। बच्चों ने तंबू में रहने का अनुभव भी सिखा। दल के बुधवार को लौटने पर विद्यालय परिवार, छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। स्काउट छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**04 फरवरी 2025**

श्री संस्कार अकैडॅमी में साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी पर जागरूकता सेमिनार लगाया। उक्त सेमिनार मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



स्वदेश — शाजापुर - मुख्य संस्करण — 4 Feb 2025

संस्कार एकेडमी में साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी पर जागरूकता सेमिनार लगाया

स्वदेश समाचार ■ आगर मालवा

श्री संस्कार एकेडमी में 3 फरवरी को मध्य प्रदेश पुलिस विभाग के सहयोग से साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी अभियान के अंतर्गत जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी प्राप्त की।

सेमिनार में जिले के साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी प्रभारी एसआई जितेंद्र सिंह चौहान, एएसआई आशा लकवाल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन धोखाधड़ी और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित बढ़ते मामलों से अवगत कराया और इससे बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार ने न केवल विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के उपाय बताए, बल्कि उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया।

विद्यालय प्रशासन ने मध्य प्रदेश पुलिस विभाग की टीम का आभार व्यक्त कर शॉल श्रीफल के साथ सम्मान किया और भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम करने का संकल्प लिया। इ विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**26 फरवरी 2025**

विद्यालय के वर्ष 2016–17 बैच के पूर्व छात्र नमन अटल एवं कु. निहारिका गोयल सी.एस. कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्र–छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया और दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



स्वदेश — शाजापुर - मुख्य संस्करण — 26 Feb 2025

संस्कार के पूर्व विद्यार्थी नमन और निहारिका बने सीएस

स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

श्री संस्कार अकैडमी आगर के वर्ष 2016-17 बैच के पूर्व छात्र नमन जगदीश अटल एवं कु. निहारिका अशोक गोयल सीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर कंपनी सेक्रेटरी बनकर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया और दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

**02 मार्च 2025**

विद्यालय में दिनांक 28 फरवरी को साइंस डे का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 8 तक के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। विज्ञान दिवस का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि, जिज्ञासा और ज्ञान को बढ़ावा देना है।


शाजापुर - मुख्य संस्करण
2 Mar 2025

## संस्कार एकेडमी में विज्ञान दिवस मनाया

स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

संस्कार अकैडॅमी आगर में विज्ञान दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। जिसमें कक्षा 3 से 8 तक के लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और ज्ञान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल, चार्ट और गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी वैज्ञानिक सोच और नवाचार की क्षमता विकसित हो सके। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक, डॉ. पंकज अटल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्विज्ञान दिवस का आयोजन हमारे छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने और उनके भविष्य के लक्ष्यों को दिशा देने के लिए किया गया है। हमें विश्वास है कि यह आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारियों का नेतृत्व शिक्षिका अक्षिता शर्मा ने किया। जिसमें कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**13 मार्च 2025**

श्री संस्कार अकैडॅमी में वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें आरबीआई प्रबंधक नवीन सिंह एवं एलडीएम श्रीकांत सक्सेना द्वारा विद्यालयीन शिक्षकों को सेमिनार के माध्यम से वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्राड से बचने की भी जानकारी दी।


शाजापुर - मुख्य संस्करण
13 Mar 2025

साझा की। इसका अनुसरण किया जा रहा है। इस दिन भी प्रतीक है। इस त्योहार को लेकर स्थानीय गई है। आज शाम से नगर के विभिन्न स्थानों रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा।

## संस्कार एकेडमी में वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार का आयोजन

स्वदेश समाचार ■ आगर-मालवा

संस्कार एकेडमी में 12 मार्च को आरबीआई प्रबंधक नवीन सिंह एवं एलडीएम श्रीकांत सक्सेना द्वारा विद्यालयीन शिक्षकों को सेमिनार के माध्यम से वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई, साथ ही विभिन्न साइबर फॉड से भी अवगत कराया। जिसमे एटीएम पिन की धोखाधड़ी, अज्ञात लिंक आदि से साइबर फॉड घटित हो रहे है। इससे बचने के लिए हमें सतर्क रखना चाहिए एवं अपनी बैंक संबंधी कोई भी जानकारी अनजान फोन करने वालो को नही देना चाहिए। सिंह ने बताया कि आज के समय मे पैसे की बचत करना अति आवश्यक है एवं सही जगह पर निवेश करना भी जरूरी है। संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने अतिथिद्वय का स्वागत किया। आभार डॉ. पंकज अटल ने माना।

**14 मार्च 2025**

होली उत्सव के आगमन पर स्कूल में फाग उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। बच्चों ने राधा–कृष्ण की तस्वीर पर फूल व गुलाल बरसाकर कार्यक्रम शुरू किया। बच्चों ने होली के लोकगीत गाकर समूह में रास किया। होली के गीतों पर सभी बच्चों ने नृत्य किया व फाग उत्सव को धूमधाम से मनाया।


आगर-मालवा • सुसनेर • नलखेड़ा

## स्कूल में मनाया फाग उत्सव, बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

आगर मालवा | गुरुवार को संस्कार स्कूल में होली महोत्सव के आगमन पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की तस्वीर पर फूल व गुलाल बरसाकर कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर पर बच्चों ने होली के लोकगीत गाकर समूह में रास किया। गीतों पर स्कूल के सभी छात्रों ने नृत्य किया। पांच ग्रुप डांस, चार समूह गीत और होली या फाग क्यों मनाया जाता है विषय पर 5 बच्चों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें 74 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन कक्षा 8 के देववीर सिंह सिसोदिया व भानूप्रताप सिंह चौहान ने किया। बच्चों ने फूल-गुलाल से होली खेली एवं फाग उत्सव का आनंद लिया। जान्कारी संस्था सचिव डॉ. पंकज अटल ने दी।

इस प्रकार संस्था द्वारा बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने पर भी जोर दिया जाता है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस दिशा में संस्था लगातार अथक प्रयास करती चली आ रही है एवं भविष्य में भी बच्चों के हितार्थ कार्य करती रहेगी।

पंकज अटल

सचिव

आगर मालवा वेल एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी